**नगर निगम,शाहजहाँपुर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 31.05.2020**

## शहर वासियों को जैव विविधता पार्क का खुबसूरत उपहार

नगर निगम द्वारा ककरा कलां स्थित 10 हेक्टेयर भूमि पर जैव विविधता पार्क विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया। गर्रा नदी के किनारे ककरा कलां स्थित नगर निगम भूमि की जैव विविधता पार्क विकसित किये जाने हेतु उपयुक्त पायी गयी। इस पार्क को विकसित करने के लिये नोयडा एवं अन्य स्थलों में पूर्व से स्थापित विभिन्न जैव विविधता पार्को का भी अध्ययन किया जायेगा। इस पार्क में विभिन्न प्रजाति के 5100 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य के लिये चयनित स्थल को 5 सेक्टर में विभाजित कर 05 सेक्टर अधिकारियों को नियुक्त करते हुये यथाशीघ्र पौधे को लगाने के लिये गढडो की खुदाई एवं उसमें खाद् आदि को समय से भरकर तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य अभियन्ता(सिविल) को प्रस्तावित जैव विविधता पार्क का ले–आउट शीघ्र तैयार करने तथा प्रस्तावित स्थल की मिटटी का अध्ययन कर उनके उपयुक्त विशिष्ट जाति के पौधे का चयन करने का निर्देश दिया गया। चयनित पौधो में से जो पौधे वन विभाग की नर्सरी में उपलब्ध होगें उन्हे वन विभाग के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जायेगा तथा जो पौधे वन विभाग की नर्सरी में उपलब्ध नही होगें उन्हे कय किये जाने हेतु नियमानुसार टेन्डर के माध्यम से कय किया जायेगा। विशिष्ट जाति के पौधो के शीघ्र निर्धारण एवं टेन्डर के माध्यम से कय किये जाने हेतु अपेक्षित कार्यवाही शीघ्रता से किये जाने के लिये मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया।

नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि यह पार्क स्कूल एवं कालेज के विधार्थियों के साथ–साथ शहर एवं आस–पास के प्रकृति प्रेमियो के अध्ययन एवं शोध में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। प्रस्तावित जैव विविधता पार्क में जैविक उपचार से सम्बन्धित पौधों को भी स्थान दिया जायेगा। इस पार्क में जीवजन्य एवं पौधों की विशिष्ट जातियों को जानने, बीज अनकुरण को समझने, जैविक उपचार को समझने, पारिस्थितिकी तंत्र का पुर्नविकास करने तथा खाद्य–तंत्र को समझने आदि के लिये इन्डोर एवं आउटडोर प्रदर्शनी के लिये अलग से स्थान चिन्हित किया जायेगा। इस पार्क के विकसित होने के उपरान्त शहर का पारिस्थितिकी संतुलन बनेगा तथा यह पार्क शहर को स्वस्थ्य एवं सुन्दर रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
31/5/2020

Scanned with CamScanner